आकाशवाणी शिमला
31.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

विद्युत परियोजना

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने किन्नौर ज़िले में शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार ने परियोजना के लिए लगभग 85 बीघा ज़मीन के उपयोग को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण ये स्वीकृति वर्ष 2018 से केंद्र सरकार के पास लंबित थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजना राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगी और इससे प्रदेश की आर्थिकी मज़बूत होगी। उन्होंने कहा कि 4 सौ 50 मैगावॉट शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में अवॉर्ड किया था, जो नवम्बर 2026 तक पूरा होना है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि परियोजना से विद्युत उत्पादन के लिए एक ट्रांसमिशन लाईन बिछाई जा रही है।

रोपवे

शिमला में देश के सबसे बड़े 14 किलोमीटर रोपवे का निर्माण प्रस्तावित है। ये रोपवे तारादेवी से पुराने बस अड्डे, संजौली और अन्य क्षेत्रों को जोड़ेगा, जिससे शहर में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस रोपवे को लेकर आज शिमला में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि शिमला में बनने वाला ये रोपवे दुनिया का दूसरा और भारत का पहला सबसे बड़ा रोपवे होगा। इसका निर्माण लगभग एक हज़ार 7 सौ 34 करोड़ रूपये की लागत से होगा और इसमें करीब 2 सौ 20 ट्रॉली बनाई जाएगी व 14 स्टॉपेज होंगे। अग्निहोत्री ने बताया कि इस वर्ष के अंत या नए वर्ष की शुरूआत में इस परियोजना का कार्य शुरू हो जाएगा और इसे अगले पांच वर्ष में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे जहां ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी वहीं पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में एक सौ से दो सौ की आबादी वाले सड़क सुविधा से वंचित गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा। कांगड़ा ज़िले के नूरपुर में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की घोषणा हुई है और उसमें पहले चरण में छुटी हुई 9 सौ किलोमीटर सड़कों को भी जोड़ा जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वे स्वयं फील्ड का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत नूरपुर उपमंडल में 5 पुलों का निर्माण किया जाएगा।

ईडी

प्रदेश के कई ज़िलों में आज सुबह से ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारी की गई। कांगड़ा ज़िले में 2 बड़े कांग्रेस नेताओं के आवास और उनके निजी अस्पतालों में अनियमितताओं के आरोप में छापेमारी की गई। आज सुबह ही बड़ी संख्या में ईडी सदस्यों की टीम प्रदेश के अनेक स्थानों पर पहुंची और छापेमारी शुरू की। कुल्लू और भुंतर के हाथीथान में एक निजी अस्पताल में भी ईडी की टीम ने छापेमारी की और स्वास्थ्य बीमा योजना में अनियमितताओं की शिकायतों की छानबीन की गई। टीम की सुरक्षा में बड़ी संख्या में सी.आर.पी.एफ. के जवान भी शामिल रहे।

<u>कुलदीप राठौर</u>

कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने कहा कि सांसद राहुल गांधी देश की आवाज़ बनकर उभर रहे हैं और केंद्र में सरकार में बैठे नेताओं को ये बात रास नहीं आ रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि लोकसभा में सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी पर अशोभनीय टिप्पणी की गई है जो सदन के विपक्ष के नेता के खिलाफ सही नहीं है। कुलदीप राठौर ने कहा कि भाजपा नेताओं को अनाप–शनाप बयानबाजी करने से पहले अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में मंत्री न बनाए जाने से अनुराग ठाकुर हताश हैं।

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित राज्य के अनेक स्थानों पर आज दोपहर बाद मूसलाधार वर्षा हुई। मौसम विभाग ने आज और कल अनेक भागों में बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अगले चार–पांच दिन प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कुल्लू, सोलन, सिरमौर, शिमला और किन्नौर में भूस्खलन व बाढ़ की चेतावनी भी जारी की है। भारी वर्षा को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

——